Title: Need to provide more facilities on railway stations Falling on Patna-Gaya sector in Bihar -Laid

श्री अरूण कुमार (जहानाबाद): पूर्व रेल्वे में दानापुर मंडल के अन्तर्गत पटना से गया की दूरी मात्र 92 किलोमीटर है। परन्तु इसे सफर करने में 5-6 घंटे का समय लगता है। इस खंड पर कोई भी रेलगाड़ी समयानुसार नहीं चलती है। इन सभी गाड़ियों में रेल सुरक्षा बल नहीं रहने के कारण प्रत्येक कि0मी0 पर यात्रियों द्वारा चैन खींचकर, वैक्यूम काटकर रेलगाड़ी को रोक दिया जाता है। जहानाबाद मध्य बिहार का पर्णतः नक्सल/उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र है, इसलिए हमेशा रेलगाड़ी को कहीं भी सुनसान जगह पर रूकने पर यात्रियों की जान खैंतरे में रहती है। इस खण्ड के किसी भी रेल्वे स्टेशन पर पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। सारे स्टेशनों के हैण्डपम्प सैट खराब हो चुके हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पटना-गया रेल खण्ड की समस्या से निपटने के लिये इस रूट की सभी गाड़ियों में रेल सुरक्षा बल की छैंटी-छैंटी टुकड़ी मुहैया करायी जाये। इस खण्ड के सभी स्टेशनों पर पानी की समुचित व्यवस्था शीघ्र की जाये।